हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-15 हरिद्वार, शनिवार, 15 जून, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

## हमें भविष्य की चुनौतियों का समाधान अतीत के पुनर्जागरण के साथ करना होगा: सीएम

**देहरादून ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कालूवाला, डोईवाला में जल संरक्षण अभियान के तहत डोईवाला विकासखण्ड में सौंग नदी के बांये तट पर स्थित जौली नहर के हेड पर जल संरक्षण और संवर्द्धन योजना का लोकार्पण किया। स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण (सारा) द्वारा नाबार्ड मद के अन्तर्गत लगभग 03 करोड़ 80 लाख की लागत से जल संरक्षण और संवर्द्धन की यह योजना पूर्ण की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण अभियान - 2024 की मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पौधा रोपण भी किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में जल के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। इसके लिए सरकार के प्रयासों के साथ ही जनसहभागिता की भी आवश्यकता है। उत्तराखण्ड में नौले, धारे, नदियां जैसी अमूल्य संपदा है। हम सभी को संकल्प लेना होगा कि पहाड़ का पानी और जवानी राज्य के ही काम आएं। उन्होंने कहा कि जहां जल प्रवाहमान होता है वहां जीवन भी प्रकाशवान होता है। हमें भविष्य की चुनौतियों का समाधान अतीत के पुनर्जागरण के साथ करना होगा। जल संवर्द्धन की पहल को जीवन से जुड़ा विषय बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि जल समाप्त हो गया तो जीवन भी समाप्त हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में जल संकट पूरे विश्व के लिए चुनौती बना हुआ है। अनियंत्रित प्रयोग से जल के स्रोत तेजी से समाप्त हो रहे हैं। जल संरक्षण सप्ताह का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को जल प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण के प्रति गंभीर है। जल संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों को सम्मिलित किया जा रहा है। इन प्रयासों को अधिक बल देने के उद्देश्य से 'सारा' का गठन किया गया है। सारा द्वारा लगभग 500 पेयजल योजनाएं और 200 जलधाराएं चिन्हित की गई हैं जिन्हें पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल का संचय करने वाले बांज के वृक्ष समाप्त हो रहे हैं और आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि अपनी भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए हमें जल और वनों का संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलीग्रांट से कालूवाला को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण लोक निर्माण द्वारा किया जायेगा। बाबा कालूसिद्ध मंदिर के पीछे सौंग नदी के बायें तट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कालू सिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना कर कालू सिद्ध बाबा से प्रदेश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के कारण जलस्रोत लगातार सूख रहे हैं। जल संरक्षण एवं संवंर्द्धन के लिए जिस योजना का आज लोकार्पण किया गया है, इस योजना से कालूवाला, बड़ोवाला, भारूवाला, भंगनाला एवं जौलीग्रांट के लगभग 06 हजार ग्रामवासियों के खेतों की सिंचाई होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच के कारण उत्तराखण्ड में सारा प्राधिकरण का गठन किया गया है।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि जल संरक्षण और संवर्द्धन केवल सरकारी प्रयासों से ही सम्भव नहीं है। इसमें जन सहभागिता जरूरी है। सबको जल का सही उपयोग करना होगा। तापमान तेजी से बढ़ रहा है। जल स्तर घट रहा है। हमें जल संरक्षण को मिशन मोड में लेना होगा।

इस अवसर पर विधायक बृज भूषण गैरोला, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सारा नीना ग्रेवाल एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## एमएसपी गारंटी का वादा पूरा नहीं होने पर आंदोलन को मजबूर होंगे किसान-सरदार गुरमुख सिंह

हरिद्वार, संवाददाता। अलकनंदा घाट पर आयोजित अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय चिंतन सम्मेलन के दूसरे दिन किसानों को संबोधित करते हुए अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह ने सर्वसम्मति से राजरूप डबास को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया। किसानों को संबोधित करते हुए सरदार गुममुख सिंह ने कहा कि सरकार एमएसपी पर गारंटी को लेकर स्थिति स्पष्ट करे। राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर किया जाए। चकबंदी प्रक्रिया सरल हो। चकरोड़ से कब्जे हटाए जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने एमएसपी पर गारंटी के लिए कानून बनाने का वादा किया था। जिसे आज तक लागू नहीं किया गया। आज भी किसान एमएसपी पर गारंटी को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने वादों को पूरा नहीं किया तो किसान फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। दिल्ली प्रदेश सुरेश छिल्लर ने कहा कि यमुना खादर के किसानों के पुर्नवास के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि किसान की मजबूती के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। एमएसपी पर गारंटी पूरे देश के किसानों की मांग है। इसे सरकार जल्द से जल्द पूरा करे। उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौहान ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी और किसान फसल बीमा योजना के तहत मिलने वाले मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी की जाए। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव भानुप्रताप सिंह, प्रतापगढ़ महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नीतू गौतम, प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश राजेश मिश्रा, महसचिव दिनेश तिवारी, प्रतापगढ़ जिलामहासचिव नीतू किन्नर, राष्ट्रीय सलाहकार मुनेंद्र पाल सिंह, दुर्गा सिंह, सोनू सिंह, अवधेश दीक्षित, वंदना चतुर्वेदी, बबली यादव, मंजू, पुष्पराज यादव, लालजी यादव सहित कई राज्यों से आए किसान मौजूद रहे। सम्मेलन का संचालन उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी एडवोकेट सुरेंद्र राणा ने किया।

## दूसरे राज्यों के प्राइवेट कॉलेज से डीएलएड प्रशिक्षु की भर्ती पर रोक लगाने की मांग

**देहरादून ( संवाददाता )।** राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने उत्तराखंड के प्राथमिक स्कूलों में दूसरे राज्यों के प्राइवेट कॉलेज से डीएलएड की डिग्री लेने वाले प्रशिक्षुओं को उत्तराखंड के प्राथमिक स्कूलों में नियुक्ति दिए जाने का विरोध किया है। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि दूसरे राज्यों के प्राइवेट कॉलेज में डीएलएड की डिग्री के नाम पर बहुत धांधली हो रही है। यहां पर मात्र फीस देने पर ही डिग्री मिल जा रही है। किसी भी तरीके के प्रशिक्षण आदि की कोई बाध्यता नहीं है। सोशल मीडिया में ऐसे तमाम सबूत वायरल हो रहे हैं। यदि ऐसे प्रशिक्षुओं को उत्तराखंड के प्राथमिक स्कूलों में भर्ती किया जाएगा तो एक तो उत्तराखंड के नौनिहालों का भविष्य चौपट होना तय है, वही दूसरा उत्तराखंड के बेरोजगारों का हक भी मर जाएगा। उत्तराखंड में प्राइवेट कॉलेजों को डीएलएड कराने की मान्यता नही है। इसके पीछे तर्क दिया जाता रहा है कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता खराब होगी। यहां तक कि सभी मानदंड पूरे करने के बावजूद चंपावत के डायट को भी डीएलएड कराने की मान्यता नहीं है। वहीं दूसरी ओर बाहरी निजी कॉलेज से डीएलएड करने वाले शिक्षकों को प्राथमिक स्कूलों में भर्ती कराए जाने की तैयारी है। उत्तराखंड के सभी सरकारी डायट में वर्तमान में मात्र 327 डीएलएड प्रशिक्षु उपलब्ध हैं। सितंबर तक इनकी संख्या लगभग 700 हो जाएगी। इसलिए लगभग 3000 डीएलएड प्रशिक्षु की भर्ती के लिए सरकार को दो या तीन भागों में संपन्न करना चाहिए, ताकि उत्तराखंड के सरकारी डायट में पर्याप्त प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को ही मौका मिले। शिवप्रसाद सेमवाल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार दूसरे राज्यों के प्राइवेट कॉलेज से डीएलएड प्रशिक्षितों को भर्ती करती है तो इसका विरोध किया जाएगा।

## नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार, संवाददाता। नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देवपुरा चौक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार रोजगार विरोधी है। सरकार की नाक के नीचे नीट परीक्षा में धांधली हुई जिससे लाखों छात्र प्रभावित हुए हैं। पूर्व विधायक रामयश सिंह और वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा ने कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी सरकार है। चुनाव समाप्त होते ही सरकार ने दूध और टोल टैक्स के दामों में बढ़ोतरी कर पहले से ही महंगाई की झेल रही जनता पर और बोझ डाल दिया है। निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव और कैलाश भट्ट ने कहा कि महंगाई और पेपर धांधली वाली भाजपा सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। वरिष्ठ नेता मनोज सैनी और निवर्तमान पार्षद इसरार सलमानी ने कहा छात्र विरोधी, नौजवान विरोधी सरकार को जनता ने अल्पमत का जनादेश दिया है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष तुषार कपिल और नगर अध्यक्ष अंकित चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार में पेपर धांधली पेपर लीक का रिकॉर्ड बना है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष विमल शर्मा साटू, विकास चंद्रा, नईम कुरैशी, चौधरी करतार सिंह खारी, एलएस रावत, निवर्तमान पार्षद शहाबुद्दीन अंसारी, रियाज अंसारी, मेहरबान खान, सुहैल कुरैशी, जफर अब्बासी, अश्विन कौशिक, आकाश बिरला, अंजू द्विवेदी, समर्थ अग्रवाल, ऐश्वर्य पंत, अशोक गुप्ता, शौकत अली चीचू आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सम्पादकीय

### पर्यावरण को बचाना बडी चुनौती

मौसम में आ रहे अप्रत्याशित बदलाव के चलते मनुष्य को अब उसके चंगुल से निकलना मुश्किल हो रहा है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान ने इसमें प्रमुख भूमिका निभाई है। बदलते मौसम की मार से प्रकृति के साथ-साथ हमारा रहन-सहन, भोजन, स्वास्थ्य और कृषि भी प्रभावित हुई है। कृषि उत्पादन में आ रही कमी, सूखा और भूमि के बंजर होने की गति में हो रही बढ़ोतरी इसका सबूत है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण ग्लेशियर पर पर्याप्त मात्रा में बर्फ नहीं जम पाती। नतीजतन जल संकट गहरा जाता है क्योंकि जल सुरक्षा के लिहाज से ग्लेशियरों के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। जाहिर-सी बात है कि इन्हीं ग्लेशियरों की बदौलत ही गंगा, यमुना, सिंधु जैसी हिमालयी नदियों के साथ-साथ हजारों झरनों और छोटी नदियों को भरपूर मात्रा में पानी मिल पाता है, जिससे बहुत बड़ी तादाद में सिंचाई सुविधा और पीने के पानी की जरूरतें पूरी होती हैं। शोध इस बात के सबूत हैं कि मनुष्यों में संक्रामक रोगों में 58 फीसदी मामलों के तेजी से फैलने में जलवायु परिवर्तन अहम कारण है। जीव विज्ञानियों की मानें तो मौजूदा दौर में मनुष्यों को संक्रमित करने में सक्षम कम से कम 10,000 वायरस प्रजातियां जंगली स्तनधारियों में पायी जाती हैं। ऐसे में जंगलों के अंधाधुंध कटान, गर्म जलवायु, तेजी से बढ़ती आबादी के कारण मानव का ऐसे जंगली स्तनधारियों से सामना बढ़ेगा, जो जूनोटिक स्पिल ओवर यानी जंगली स्तनधारियों से मानव में वायरस का संचरण बढ़ायेगा। निपाह वायरस का इंसानों में फैलना इसका प्रमाण है।सबसे बड़ी चिंता कृषि क्षेत्र में दिनोदिन घटती उत्पादकता की है। देश में तकरीबन 12 करोड़ हेक्टेयर जमीन ऐसी है जो किसी न किसी तरह की डिग्रेडेशन की शिकार है। तापमान में बढ़ोतरी के चलते फसल जल्दी पकती है लेकिन उत्पादन कम होता है। मौसम में बदलाव से खेती की लागत भी बढ़ रही है। जानवरों के चारे की समस्या भी तेजी से बढ़ती जा रही है। आगामी सालों में गेहूं की उत्पादकता 22 फीसदी और धान की 15 फीसदी तक कम हो सकती है। मौसम के बदलाव का यदि यही हाल रहा और खेती में आमदनी इसी तरह कम होती रही तो गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ेगा। समय की मांग है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर तत्काल लगाम लगे।

# दिल्ली में जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

### -कहा-आखिर कोर्ट में झूठे जवाब क्यों दिए जा रहे

नई दिल्ली । दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने कहा की सेक्रेटरी जवाब क्यों नही दाखिल करते हैं. हिमाचल ने कोर्ट में कहा था की हमारे पास जो एक्स्ट्रा पानी था, लेकिन लेटर ये कहता है की वो पानी दे चुके हैं. आखिर कोर्ट में झूठे जवाब क्यों दिए जा रहे है. अगर पानी हिमाचल से आ रहा है तो दिल्ली में पानी कहा जा रहा हैं. दिल्ली में कहा जाता है. टैंकर माफिया काम कर रहा है. अगर आप इस पर करवाई नहीं करते हैं, तो हम मामले को दिल्ली पुलिस को दे देंगे. हम मीडिया के माध्यम से इसकी तस्वीर देख रहे है. पिछली बार सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की खामियों को दूर नहीं किए जाने को लेकर दिल्ली सरकार से नाराजगी व्यक्त की थी. कोर्ट ने कहा कि आप सीधे दस्तावेज लेकर आते हैं और आप कहते हैं कि दिल्ली में पानी की किल्लत है और उसे दूर करने के लिए निर्देश जारी किया जाए. आप अर्जेंसी की बात करते हैं और फिर आराम से बैठे रहते हैं? राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को जमकर फटकार लगाई. कोर्ट ने पूछा कि शहर में टैंकर माफिया के खिलाफ उसने क्या कदम उठाए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोग परेशान हैं. हम हर समाचार चैनल पर इसकी तस्वीरें देख रहे हैं. अगर गर्मियों में पानी की कमी एक बार-बार होने वाली समस्या है, तो पानी की बर्बादी को रोकने के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं. शीर्ष कोर्ट ने टिप्पणी की कि अगर आप टैंकर माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम दिल्ली पुलिस से उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहेंगे.

वहीं दिल्ली सरकार के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि वे अपनी समस्या से निपटने के उपायों के बारे में हलफनामा दाखिल करेंगे. सरकार की ओर से बड़े पैमाने पर पानी की बर्बादी को रोकने को लेकर कनेक्शन काटने और इसे रोकने समेत कई तरह की पहल की गई है. इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार की ओर उठाए गए कदमों पर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है. उन्होंने कहा कि सुनवाई से पहले आज या कल तक हलफनामा दाखिल हो सकता है. कोर्ट ने मामले की सुनवाई कल तक के टाली है.

# पाकिस्तानी साजिश है हिन्दू तीर्थयात्रियों पर आतंकी हमला!

**मनोज कुमार अग्रवाल**

पीएम नरेन्द्र मोदी की शपथ के ऐन मौके पर दहशतगर्दों ने वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों पर हमला कर सीधे चुनौती दी है और जाहिरा तौर पर साफ कर दिया है कि अभी आतंकवाद का जम्मू-कश्मीर से सफाया नहीं किया जा सका है और सरकारी दावों के ठीक उलट आतंकवादी मनमाने समय और टार्गेट का चयन कर आतंकी हमलों को अंजाम देने में सक्षम हैं।ताजा जानकारी के अनुसार इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी दी रेजिस्टेंट फ्रंट टी आर एफ नामक संगठन ने ली है इस संगठन पर पिछले साल प्रतिबंध लगा दिया गया था। आपको बता दें कि भारत की राजधानी नई दिल्ली में जिस समय राष्ट्रपति भवन में नई सरकार के गठन का भव्य समारोह चल रहा था। पीएम मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ले रहे थे। 72 सांसदों ने मंत्री पद की शपथ लेनी थी। ठीक इसी समय एक सूचना मिली की जम्मू कश्मीर में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। इस बार रियासी में आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं से भरी बस को अपना शिकार बनाया। ये सभी तीर्थ यात्री मां वैष्णो के भव्य दर्शन करने आए थे। हमले में नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 41 श्रद्धालु घायल हुए हैं।

**समयबद्ध सुनियोजित हमला**

जम्मू-कश्मीर के रियासी में यात्री बस पर हुए आतंकवादी हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का हाथ है. हमला उस बस पर किया गया, जो शिव खोड़ी से लौट रही थी.शिव खोड़ी मां वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी स्थित है। शिवखोड़ी धाम में प्रतिदिन देशभर से आठ से दस हजार श्रद्धालु आते हैं। माता वैष्णो देवी माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु कटरा से शिवखोड़ी का रुख करते हैं।

कुछ श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। अक्सर वैष्णो देवी आने वाले यात्री यहां से 80 किमी दूर शिवखोड़ी धाम के भी दर्शन करने के लिए निकलते हैं। ऐसा ही कुछ बीते दिन भी हुआ। तीर्थयात्रियों ने आपस में मिलकर एक स्थानीय ट्रांसपोर्टर की एक बस बुक की। शिवखोड़ी जाने के लिए ये बस 53 सीटर थी। ये बस शिवखोड़ी से दर्शन करवाने के बाद श्रद्धालुओं को वापस कटरा छोड़ने वाली थी। बस शिवखोड़ी से 4 बजे रवाना होने वाली थी लेकिन कुछ देरी की वजह से बस शाम 5.30 बजे शुरू हुई। बस रांसू, पौनी, नंबल होते हुए रियासी पहुंची और कुछ ही देर में चीख-पुकार मच गई। रियासी से कुछ ही दूरी के बाद आतंकियों ने सबसे पहले बस के ड्राइवर पर फायरिंग की। ड्राइवर को गोली लगने की वजह से बस असंतुलित हो गई। इसके बाद बस खाई में जा गिरी। आतंकियों ने खाई में गिरे श्रद्धालुओं पर अंधाधुंध फायरिंग की। एक घायल ने बताया कि आतंकी ने लाल रंग का मफलर पहना हुआ था।

**पूरी बस के कत्लेआम की थी साजिश**

ऐसी जानकारी है कि आतंकी कुछ दिन से इस जगह पर रैकी भी कर रहे बस में सवार सभी तीर्थयात्री शिव खोड़ी में भोले बाबा के दर्शन के लिए गए थे और वापस कटरा लौट रहे थे। हमले में नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। इस हमले में मारे गए श्रद्धालुओं में दो मासूम बच्चे भी हैं, जिसमें एक मात्र दो-तीन साल का है।बताया जा रहा है कि आतंकवादी बस के सभी हिन्दू तीर्थयात्रियों को मौत के घाट उतारने की फिराक में थे लेकिन बस चालक को गोली लगने के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई जिस कारण आतंकवादी सभी हिन्दू श्रद्धालुओं का खून बहाने के अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके और 43 श्रद्धालुओं की जान बच गई। इस आतंकी हमले के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों की मदद की। दहशतगर्दों ने 30 से 40 राउंड फायर किए और एक गोली बस ड्राइवर को लगी, जिसके चलते बस 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। जिस जगह पर हमला हुआ, रियासी क्षेत्र जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी के पास स्थित है। रियासी नाम शहर के पुराने नाम "रसियाल" से लिया गया है। इसकी स्थापना आठवीं शताब्दी में भीम देव द्वारा की गई थी।

**पाकिस्तानी थे आतंकी**

इस तीर्थयात्रियों से भरी बस पर चार आतंकवादियों ने हमला किया. माना जा रहा है कि ये पाकिस्तानी आतंकवादी थे.उन्होंने राजौरी और रियासी बॉर्डर के बीच के इलाके में बस को निशाना बनाया. पुलिस का मानना है कि आतंकियों ने जिस इलाके में इस घटना को अंजाम दिया है, वहां आतंकी कमांडर अबू हमजा सक्रिय है। ऐसे में कहीं इस हमले के पीछे अबू हमजा का हाथ तो नहीं है इसकी जांच भी जांच हो रही है।

**मृतक उत्तर भारत के निवासी**

बताया गया है कि इस घटना के शिकार हुए तीर्थयात्री उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के रहने वाले हैं. सभी घायलों का नारायण अस्पताल और जम्मू के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है. इस हमले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं. इसकी जिम्मेदारी एनआइए को सौंपी गई है. साथ ही एनआईए की फॉरेंसिक टीम भी मौके के लिए रवाना की गई है. इसके अलावा एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। घटना में घायल हुए श्रद्धालु संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि शिवखोड़ी से दर्शन करके वापस आ रहे थे. अचानक बीच रोड पर एक आतंकवादी आया और फायरिंग शुरू कर दी. दो-तीन फायरिंग ड्राइवर के ऊपर किया, फिर बस के अंदर फायरिंग की. फिर बस नीचे गिर गई. नीचे गिरने के बाद भी काफी देर तक फायरिंग की. उसके बाद कई लोग रोने चिल्लाने लगे. बीच-बीच में बंद करके फायरिंग होती रही। जब फिर हमने सबको शांत कराया कि अभी चुप रहो, हो सकता है अभी और फायरिंग करे फिर भी कुछ देर तक आतंकी खाइ में गिरी बस पर गोलीबारी करते रहे। एक घायल श्रद्धालु ने कहा कि हम लोग दिल्ली से वैष्णो देवी के दर्शन करने आए थे। दर्शन करने के बाद हमारे पास टाइम बचा था, हमने सोचा शिवखोड़ी के दर्शन कर आएं, दर्शन करके जैसे ही हम लोग वहां से निकले ठीक आधे घंटे बाद हमारी गाड़ी पर फायरिंग शुरू हो गई और शीशे टूट गए. कुछ सेकेंडों में हमारी गाड़ी खाई में चली गई. खाई में जाने के बाद भी कुछ सेकंड फायरिंग चलती रही। रियासी की एसएसपी मोहिता शर्मा ने बताया है कि चश्मदीद के मुताबिक दो से चार आतंकियों ने बस पर फायरिंग किया है। बड़े पैमाने पर आतंकियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. जिन आतंकियों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है उनके पाकिस्तानी होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं सामान्य इनपुट के आधार पर शिव खोड़ी और माता वैष्णो देवी की सुरक्षा पहले से ही पुख्ता थी। कोई भी खास इनपुट नहीं था, लेकिन दुर्भाग्य से आतंकियों की तरफ से यात्रियों की बस पर हमला किया गया।

**इंटेलिजेंस फेलियर**

रविवार को हुए हमले ने सुरक्षा एजेंसियों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। यह इसलिए खतरे की घंटी है क्योंकि यह आतंकवादियों द्वारा जम्मू क्षेत्र में राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों से परे अपने अभियान के विस्तार करने की ओर इशारा करता है। रियासी जिले में पहले भी आतंकी हमला हो चुका है। जम्मू क्षेत्र और हिन्दू बहुल आबादी होने के बावजूद रियासी जिले में आतंकवाद फैलाने की कोशिश की जाती रही हैं। सूत्रों के मुताबिक रियासी जिले में आखिरी बार आतंकवादियों ने मई 2022 में हमला किया था। उन्होंने एक बस में स्टिक बम लगाए थे, जिसमें चार वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी और लगभग दो दर्जन घायल हो गए थे।राजौरी, पुंछ और रियासी जिले 1990 के दशक के अंत से 2000 के दशक की शुरुआत तक उग्रवाद का केंद्र रहे थे, लेकिन फिर अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण हो गए। हालांकि 2021 में राजौरी और पुंछ में आतंकवादी गतिविधियों में फिर से वृद्धि हुई। 2021 से राजौरी और पुंछ दोनों जिलों में आतंकवादी हमलों में कुल 38 सैनिक और 11 नागरिक मारे गए हैं। इनमें से अकेले 2023 में लगभग 24 सैनिक और सात नागरिक मारे गए हैं।पूर्व सुरक्षा बलों के अधिकारियों के अनुसार रणनीतिक रूप से ये तीन जिले अपनी भौगोलिक स्थिति, पहाड़ी इलाके और घने जंगलों की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। गौर तलब है कि एलओसी का लगभग 200 किमी हिस्सा राजौरी और पुंछ से होकर गुजरता है। पीर पंजाल रेंज (जो कश्मीर को जम्मू से अलग करती है) तीन जिलों से होकर गुजरती है और एलओसी पार करने वाले आतंकवादियों के लिए घाटी में एक रास्ता है।

**एक्शन में सरकार**

इस हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. उन्होंने हमले को लेकर हाई लेवल सुरक्षा मीटिंग बुलाई . इस बैठक में शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल रहें इस मीटिंग में दहशतगर्दों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। आज जेएंडके के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती घायल श्रद्धालुओं का हाल जाना। सुरक्षा एजेंसियों के द्वारा ड्रोन की मदद से पहाड़ी जंगल क्षेत्र में छिपे आतंकियों की तलाश करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। आशंका है कि पाकिस्तान के इशारे पर पूरी बस के हिन्दू तीर्थ यात्रियों को गोली से भूनकर समूचे देश में प्रतिक्रियात्मक साम्प्रदायिक दंगे फैलाने की साजिश बुनी गई वहीं इस के लिए नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के समय को चुना गया ताकि दहशतगर्दों को नए सिरे से हौसला बढ़ाने की कोशिश की जा सके और नई सरकार व देश वासियों के मनोबल को तोड़ने की साजिश की गई।

# किसान ही देश का असली राजा है-हरीश रावत

हरिद्वार, संवाददाता। अलकनंदा मैदान में आयोजित भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर के दूसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बीच पहुंचे। भाकियू अंबावता के मंच से किसानों को संबोधित करते हुए हरीश रावत ने कहा कि किसान ही देश का असली राजा है। भारत किसान प्रधान देश है। देश में सर्वाधिक संख्या बल किसानों का है। अपनी समस्याओं को लेकर किसान लगातार हुंकार भर रहे हैं। लेकिन सरकार पर कोई असर नहीं हो रहा है।

दिल्ली में लंबे किसान आंदोलन और सात सौ किसानों के बलिदान के बाद भी समस्याएं दूर नहीं हुई। अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए किसानों को दंड और पुरूस्कार दोनों देना सीखना होगा। हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस और वे स्वयं हमेशा किसानों के साथ खड़े रहे हैं। केंद्र में मंत्री रहने के दौरान उन्होंने हमेशा किसानों का पक्ष सरकार के सामने रखा। किसानों के आशीर्वाद से कांग्रेस को ताकत मिली है। खेती किसानी के हित के लिए कांग्रेस हमेशा आवाज उठाती रहेगी।

भाकियू अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि एमएसपी समेत तमाम मुद्दों को लेकर आगे बढ़ चुका किसान अब पीछे हटने वाला नहीं है। अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए किसानों का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि भारत का किसान अन्नदाता है। किसान कभी भी छोटा बड़ा नहीं होता है। किसानों की समस्याएं समान रूप हल होनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के द्वारा किसानों को देश का राजा कहना प्रशसंनीय है। उनके द्वारा हमेशा ही किसानों के हितों में आवाज उठायी गयी। किसान खुशहाल होगा देश प्रगति की और अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाए। किसान को उसकी फसल का वाजिब दाम मिल सके। इसके लिए एमएसपी पर गारंटी कानून लागू किया जाए। अंबावता ने कहा कि किसानों के हित के लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। किसान नेता सरदार वीएम सिंह ने कहा कि विभिन्न राज्यों से आए किसान तीन दिवसीय चिंतन सम्मेलन में अपने-अपने राज्यों में आ रही किसानों के समक्ष समस्याओं का निदान राज्य की सरकारों को करना चाहिए। किसान के परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाए। जिससे समान रूप से किसानों का उत्थान हो सके।

आंध्र प्रदेश अध्यक्ष मुश्ताक वजीद अली, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, प्रवक्ता अनीस गाजी, किसान मंच के विनोद सिंह, पंजाब से सतनाम सिंह भेरू, आरके त्यागी, प्रवीण अंबावता, रामपाल सिंह, हरयाणा प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह, उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र चौधरी, हरिद्वार जिला प्रभारी योगेश चौधरी, उपाध्यक्ष राजेंद्र नागर, कांग्रेस नेता राव आफाक अली ने भी किसानों को संबोधित किया। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए हजारों किसान मौजूद रहे।

# शिविर में अधिकारियों के ना पहुंचने पर आयोग के अध्यक्ष ने जताई कड़ी नाराजगी

**त्यूणी( संवाददाता )।** शुक्रवार को त्यूनी तहसील के फेडीज गांव में अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा ने लोगों की समस्या सुनी। इस दौरान पेयजल, विद्युत, आवास, सड़क, पेंशन, कृषि, किसान निधि समस्या सुनी। उन्होंने सभी अधिकारियों को समस्या निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कोई भी अधिकारी मौजूद न होने पर आयोग के अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताई। आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा ने कहा कि सभी अधिकारियों को आयोग में तलब किया जाएगा। इस दौरान महिला समूह की महिलाओं ने आयोग के बाद अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देखकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ तांदी नृत्य भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाए जनजाति लोगों को मिले। इस मौके पर ब्लाक मिशन प्रबंधक डॉक्टर पुजा गौड़, सुरेंद्र सिंह राणा, शूरवीर डोभाल, रुस्तम राणा, एडीओ समाज कल्याण खजान सिंह, जेस्ट उद्यान निरीक्षक इदु कुमार कुमोला, ग्राम प्रधान सुलेखा, मेहर चंद गौड, भागमल, विषणा आदि मौजूद रहे। वहीं फेडीज में जनजाति आयोग की अध्यक्ष ने 92 वर्षीय मूर्ति राम गौड द्वारा हस्तलिपिक पाबुची विद्या (कश्मीरी विद्या) का विमोचन किया गया। इस दौरान पुष्प गुच्छ देकर अध्यक्ष ने उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि इस उम्र में भी वह आज पढ़ और लिख सकते हैं। उनके द्वारा लिखी गई किताब आज भी स्वच्छ और साफलेख में लिखी गई है।

# विद्यालय में शिक्षकों की कमी पर अभिभावकों ने सीइेओ दफ्तर घेरा

**बागेश्वर,( संवाददाता )।** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज सूपी में शिक्षकों की कमी है। अभिभावकों ने मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। शिक्षकों की कमी दूर नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। शुक्रवार को सूपी के अभिभावक मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। कहा कि 2023 में विद्यालय को अटल आदर्श विद्यालय की मान्यता मिली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्ष बोर्ड से पठन-पाठन प्रारंभ हुआ। सीबीएसई बोर्ड संचालित होने से अभिभावकों को बच्चों के भविष्य को लेकर उम्मीद थी। अंग्रेजी माध्यम से पठन-पाठन होना था। लेकिन अभी तक अंग्रेजी शिक्षक की नियुक्ति नहीं हो सकी है। एलटी संवर्ग में विज्ञान शिक्षक का पद 10 वर्ष से रिक्त है। एलटी के आठ पदों के सापेक्षा चार शिक्षक, नौ प्रवक्ताओं में एक की भी नियुक्ति नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि हिमालय की तलहटी पर बसू झूनी, लाहूर, हरकोट, सूपी, बैछम, पतियासार, रिखाड़ी के बच्चों को सात से आठ किमी पैदल चलकर विद्यालय पहुंचना पड़ रहा है। सीबीएसई पैटर्न लागू होने के बाद शिक्षकों के अभाव में सूपी छोड़कर छात्र अन्य विद्यालयों की ओर रुख कर रहे हैं। इंटरमीडिएट में अतिथि शिक्षक रमेश चंद्र जोशी एलटी गणित के अतिरिक्त भौतिक विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान विषय पढ़ा रहे हैं। शिक्षकों की कमी से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। उन्होंने शिक्षक विषयाध्यापकों की नियुक्ति नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान यशपाल सिंह, नरेंद्र सिंह टाकुली, चरण सिंह टाकुली, तारा सिंह, जगत सिंह, हर सिंह, नवीन चंद्र, रघुवर सिंह आदि उपस्थित थे।

# उदय सिंह पुंडीर बने क्षत्रिय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष तथा शेखर राणा जिलाध्यक्ष

हरिद्वार, संवाददाता। कनखल स्थित राजपूत पंचायत धर्मशाला मे क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अधिवेशन मे उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजसिंह शेखावत ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए रूडकी के उदय सिंह पुंडीर को प्रदेश अध्यक्ष तथा शेखर राणा को जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। यशपाल सिंह राणा, डा.शिवकुमार चौहान तथा प्रेम सिंह राणा को संरक्षण मंडल में सम्मिलित किया गया है। राजसिंह शेखावत ने कहा कि क्षत्रिय राजपूतों का इतिहास भारतीय इतिहास मे विशेष महत्व रखता है। क्षत्रियों की गौरवगाथाओं को छोडकर भारत के इतिहास मे वीर पराक्रम तथा शौर्य विलुप्त दिखाई पडता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत मे यह सम्मान बनाये रखने के लिए अभी और पराक्रम किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम मे अनेक प्रदेशों के प्रतिनिधिगण तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे धीरज राणा, दुष्यंत राणा, मोहित चौहान, हदयेश तोमर, विजय राणा, रामकिशन, सतपाल सिंह पुडीर, मदनपाल पुंडीर, मनोज राणा, सुमित चौहान तथा राजीव राणा एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक चिकित्सा से असाध्य रोगों का निदान संभव-अनिरुद्ध भाटी

हरिद्वार,संवाददाता। प्राकृतिक चिकित्सा से असाध्य रोगों का निदान संभव है। आधुनिकता की होड़ में हम सब प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। जिसका खामियाजा घटती प्रतिरोधक क्षमता के रुप में हमें भुगतना पड़ रहा है। यह विचार भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने खड़खड़ी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मौनी मन्दिर में 11 जून से 30 जून तक आयोजित होने वाले प्राकृतिक चिकित्सा कैम्प का फीता काट कर उद्घाटन करते हुये व्यक्त किये।

अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा असरकारी पद्धति है। इसका हमारे जीवन पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। हरिद्वार विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी है। यहाँ देश दुनिया से लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन आते हैं। ऐसे में प्राकृतिक चिकित्सा कैम्प का आयोजन स्थानीय निवासियों व तीर्थ यात्रियों के लिए लाभदायक साबित होगा। इस आयोजन के लिए डा.दीपक गुप्ता, पं.बाल गोविन्द पाण्डे, सुरेश सेठी साधुवाद के पात्र हैं।डा.दीपक गुप्ता ने कहा कि आरोग्य सेवा केन्द्र द्वारा आयोजित इस प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, होम्योपैथी, आयुर्वेद के माध्यम से जोड़ों का दर्द, सरवाइकल (गर्दन दर्द) साइटिका दर्द (कमर दर्द), घुटने, थाइराइड, ब्लड प्रेशर, शुगर, मोटापा जैसी असाध्य बीमारियों का उपचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा को समर्पित आरोग्य सेवा केन्द्र लुधियाना विगत 25 वर्षो से देश भर में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहा है। पंचमुखी हनुमान मौनी मन्दिर के संचालक बाल गोविन्द पाण्डेय व सुरेश सेठी ने कहा कि मौनी मन्दिर के पवित्र प्रांगण में 11 जून से 30 जून तक प्राकृतिक चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डा.दीपक गुप्ता व उनकी टीम प्रतिदिन मरीजों का इलाज करेंगे। प्रथम दिन लगभग 42 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर मुख्य रुप से बाल गोविन्द पाण्डेय, डा.दीपक गुप्ता, डा.अन्नू गुप्ता, रचना पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, त्रिलोचन, डा.श्यामलाल पुरी, ललित सचदेवा, दिनेश शर्मा, गोपी सैनी, रूपेश शर्मा समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 10 जुलाई को होगा बद्रीनाथ विधानसभा में मतदान

**चमोली ( संवाददाता )।** बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने वीसी रूम में सभी एआरओ एवं नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियो को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस एवं सेक्टर अधिकारी सभी वल्नरेबल एवं क्रिटिकल बूथों का संयुक्त निरीक्षण करते हुए मैपिंग करने, सीईओ को नये बनाए गए 9 बूथों का निरीक्षण करने के साथ ही संबंधित नोडल अधिकारियों को सभी मतदेय स्थलों पर रैम्प, पानी, विद्युत, शैड, दरवाजे, खिड़की, फर्नीचर एवं अन्य जरूरी सुविधाओं को दुरस्थ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त करने, पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपैट वितरण के साथ पोलिंग पार्टियों का मूवमेंट प्लान तैयार करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, व्यय लेखा एवं निगरानी व व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर, लेखन सामग्री, वोटर स्लिप, वीडियोग्राफी आदि व्यवस्थाएं भी समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# चलती कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**देहरादून ( संवाददाता )।** हरिद्वार रोड पर मंगलवार दोपहर बिजनौर से देहरादून घूमने आ रहे पर्यटकों की चलती कार पर आग लग गई। गनीमत रही की कार में बैठे लोगों को सकुलशल बाहर निकाल लिया गया, इससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।



नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 11 बजे एक कार हरिद्वार से देहरादून की ओर आ रही थी। जैसे ही कार विधानसभा तिराहे के पास पहुंची, अचानक उसमें आग लग गई। कार में बैठे लोग इससे पहले कुछ समझ पाते आग कार के अंदर तक पहुंच गई। तिराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# मखाने का इस तरह से करें इस्तेमाल, हफ्तेभर में कम होने लगेगी चर्बी



आजकल वजन घटाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं कर रहे हैं. कभी किटो से लेकर इंटरमिटेंट फास्टिंग तक का सहारा ले रहे हैं. आज हम आपको कोई डाइटिंग नहीं बल्कि मखाने खाकर चर्बी घटाने का उपाय बताएंगे.

**मखाने में होते हैं भरपूर पोषक तत्व**

मखाना सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. पोषक तत्वों से भरपूर मखाने को अगर आप अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो इसके फायदे आपको हफ्तेभर में दिखाई देने लगेंगे. मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं. यही कारण है कि मखाने को सुपरफूड कहा जाता है. बच्चों से लेकर बड़ों तक मखाने को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं. इससे हड्डियां मजबूत होने के साथ-साथ पाचन भी दुरुस्त होता है.

आज हम बताएंगे कि आप मखाने को किस तरह से वजन घटाने में इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे आपकी पेट की चर्बी हफ्तेभर में घट जाएगी. लटकता हुआ पेट तुरंत कम हो जाएगा. मखाने खाने के बाद भूख कम लगती है. जिसके कारण तेजी से वजन कम होने लगता है. आइए जानें मखाने का कैसे करना चाहिए इस्तेमाल.

**मखाने खाने से कम होता है मोटापा**

मखाना तेजी से वजन कम करत है. इसमें हाई फाइबर फूड होता है. अगर आप शाम की स्नैकिंग में मखाना खाते हैं तो इससे पेट भरा-भरा लगता है. साथ ही साथ मखाने में भरपूर मात्रा में प्रोटीन और कैल्शियम होता है. जिसके कारण आपका मोटापा अपने आप कम होने लगता है.

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मखाने में कैलोरी और फैट की मात्रा काफी ज्यादा कम होती है. यही वजह है कि मखाने खाने के बाद भूख कम लगती है. जिसकी वजह से आप ओवर ईटिंग से बचते हैं. अगर आप प्लेट भरकर भी मखाने खा लेते हैं तो इससे किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा. मखाने में गुड़ फैट की मात्रा काफी ज्यादा होती है. जो बेली फैट को कम करने में मदद करती है.

**कम करना है वजन तो इस तरीके से खाएं मखाने**

अगर वजन कम करना है तो आप मखाने को भुनकर खा सकते हैं. आप पहले इसे अच्छे से कड़ाही या माइक्रोवेव में रोस्ट कीजिए. और फिर आसानी से खा सकते हैं. इसमें एक चम्मच घी भी डाल सकते हैं. डाइटिंग के दौरान आप इस शाम या मॉर्निंग के चाय के वक्त आराम से खा सकते हैं. इससे आपका पेट भी भरा-भरा लगेगा और वजन भी आसानी से कम हो जाएगा.

**शाम की स्नैकिंग के लिए मखाना चाट भी बना सकते हैं**

अगर आपको चटपटे मखाने खाने का मन है तो आप इसका चाट भी बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए एक बाउल लें और उसमें 1 कोटरी भुने हुए मखाने डालें. फिर इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर, हरी मिर्च डाल दें. इसमें थोड़ी सी भुनी हुई मूंगफली डालकर मिला लेंय सारी चीजों को अच्छे तरीके से मिला लें. इसमें थोड़ी सी काली मिर्च मिला दें. फिर इसमें पिसी हुई काली मिर्च, नींबू का रस और नमक मिलाएं. इस मखाना चाट को आप नाश्ते हो या स्नैक्स में आराम से खा सकते हैं. इससे आपकी क्रेविंग भी शांत हो जाएगी और पेट भरा-भरा भी लगेगा.

# दांत निकल रहे हैं तो बच्चों के लिए घर में बनाएं टीथर, जानें कैसे

जब बच्चों के दांत आने लगते हैं, तो उन्हें काफी दर्द होता है. इस समय में बच्चों को खास तरह की चीजें चबाने में मजा आता है जिन्हें हम टीथर कहते हैं. ये टीथर बच्चों के मसूड़ों को आराम पहुंचाते हैं लेकिन बाजार में मिलने वाले कुछ टीथर्स से इन्फेक्शन का खतरा भी हो सकता है, क्योंकि ये गंदे हो सकते हैं और उनपर बैक्टीरिया लग सकते हैं. अगर आप चाहते हैं कि बिना किसी चिंता के आपका बच्चा दर्द से राहत पाए, तो आप घर पर ही टीथर बना सकते हैं. यह सस्ता और सुरक्षित तरीका है. आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप आसानी से घर पर टीथर बना सकते हैं और अपने बच्चे को दर्द से आराम दिला सकते हैं.



**घर पर टीथर बनाने की विधि**

**रुमाल तैयार करना**- सबसे पहले, आपको कुछ साफ रुमाल चाहिए होंगे. इन रुमालों को अच्छी तरह से धो लें और उन्हें सुखा लें. यह सुनिश्चित कर लें कि रुमाल पूरी तरह से साफ हों, क्योंकि बच्चा इन्हें मुंह में डालेगा.

**रुमाल को बांधना**- दो या तीन रुमालों को एक साथ बांधें. इनमें से एक छोर को ऐसे मोड़ें कि यह गोल बॉल जैसा दिखे. इस गोल बॉल को बच्चा चबाएगा. ध्यान रखें कि एक छोर खुला रहे ताकि आप इसे फिर से धो सकें.

**ठंडा करना**- बांधे हुए रुमाल को फ्रिज में रख दें. ठंडा होने पर, यह बच्चे के मसूड़ों को ठंडक पहुंचाएगा और दर्द में आराम देगा.

**उपयोग में लाना**- जब आपका बच्चा मसूड़ों में दर्द महसूस करे, तो उसे यह ठंडा रुमाल दें ताकि वह इसे चबा सके. यह उसे दर्द से तुरंत राहत देगा और उसके मसूड़ों को आराम देगा.

**सफाई**- बच्चे के चबाने के बाद, रुमाल को फिर से अच्छी तरह से धो लें. यह बहुत जरूरी है क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा कम होता है. इस तरह से बनाया गया टीथर न केवल बच्चे के लिए सुरक्षित होता है बल्कि यह उसकी दर्द और बेचैनी को भी कम करता है. इस आसान तरीके से आप अपने बच्चे के दांत निकलने के समय को थोड़ा आसान बना सकते हैं.

# क्या आप भी कोल्ड ड्रिंक की बोतल में पानी भरकर रखते हैं? अगर हां तो इस वजह से आज ही बंद कर दें



हम भारतीय काम से ज्यादा जुगाड़ के लिए जाने जाते हैं. किसी भी काम को जल्दी और आसानी से करने के लिए हम तरह-तरह के जुगाड़ का इस्तेमाल करते हैं. जैसे खत्म हो रहे टूथपेस्ट से पेस्ट निकालना हो या पजामा में नाड़े डालने का काम पेन के जरिए करना हो. हमारे पास हर प्रॉब्लम का एक खास जुगाड़ होता है. इसी जुगाड़ के जरिए हम हर काम करने की कोशिश करते हैं.

**कोल्ड ड्रिंक की बोतलों में पानी** -गर्मी आते ही फ्रिज को हम पानी और कोल्ड ड्रिंक से भर देते हैं. घर में गेस्ट आए या घर के ही लोग ज्यादा से ज्यादा पानी पीते हैं. फ्रिज में फैंसी बोतलों के साथ कोल्ड ड्रिंक के बोतल में भी पानी भरकर रख दिया जाता है. ऐसा हम भारतीय इसलिए करते हैं क्योंकि हमें लगता है कि कोल्ड ड्रिंक की बोतल तो अभी एकदम नई है. इसमें कुछ दिन पानी डालकर इसका यूज किया जा सकता है. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आपका यह जुगाड़ आपकी हेल्थ के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है. इसलिए ऐसा करने से एकदम परहेज करें.

**इससे होते हैं हेल्थ को गंभीर नुकसान**-कोल्ड ड्रिंक हो या मिनरल वॉटर की बोतल उसमें कई दिनों तक अगर आप पानी भरकर रखते हैं तो इसका नुकसान सीधा आपके सेहत पर पड़ेगा. दरअसल, इन बोतलों में अगर आप काफी लंबे वक्त पानी भरकर रखते हैं तो इसमें फ्लोराइड और आर्सेनिक जैसे खतरनाक तत्व बनने लगते हैं. इससे शरीर को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचता है. साइंटिस्ट का मानना है कि यह शरीर के लिए स्लो पॉइजन है.

**कैंसर होने का खतरा रहता है**-रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लास्टिक के बोतल में रखे पानी सीधा आपकी इम्युनिटी पर हमला करती है. इसलिए कहा जाता है कि महंगी से महंगी प्लास्टिक के बोतल में पानी न पिएं. क्योंकि पलास्टिक के बोतल में पैदा हुए कैमिकल शरीर पर गहरा असर डालता है. प्लास्टिक में मौजूद फैथलेट्स जैसे केमिकल लिवर पर गंभीर रूप से असर करती है. और यह लिवर को बीमार भी कर सकती है. ज्यादा देर तक प्लास्टिक के बोतल में पानी रखने से बीपीए पैदा होता है. बीपीए एक ऐसा केमिकल है जो शरीर में मोटापा, डायबिटीज और दूसरी कई तरह की बीमारियों का कारण बन सकती है. इसे बाइफिनाइल ए कहा जाता है. प्लास्टिक के बोतल में रखे पानी पर सूरज की रोशनी पड़ती है तो वह धीरे-धीरे उसे जहर बनाने लगती है. और यह कैंसर का कारण भी बन सकता है.

# मुंबई में महिला ने ऑनलाइन मंगाई आइसक्रीम, अंदर से निकली कटी उंगली

मुंबई, । महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला डॉक्टर ने ऑनलाइन ऐप से आइसक्रीम मंगवाई, जिसमें कथित रूप से कटी उंगली निकली।रिपोर्ट के मुताबिक, मलाड इलाके में रहने वाली डॉक्टर ओरलेम ब्रेंडन सेराओ (27) ने जेप्टो ऐप से यम्मो आइसक्रीम मंगाई थी।

आइसक्रीम में कटी उंगली निकलने पर उन्होंने मलाड थाने में आइसक्रीम कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कटे अंग को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है।रिपोर्ट के मुताबिक, सेराओ की बहन ऐप पर कुछ खाने का ऑर्डर दे रही थीं, तभी सेराओ ने येम्मो की बटरस्कॉच आइसक्रीम के 3 कोन भी ऑर्डर कर दिए।डिलीवरी के बाद सेराओ ने जब आइसक्रीम खाना शुरू किया तो उनको कुछ अटपटा लगा। उन्होंने कोन में देखा तो 2 सेंटीमीटर लंबी इंसान की उंगली लगी।डॉक्टर होने के नाते सेराओ को पक्का यकीन हुआ कि यह मानव अंग है। उन्होंने तुरंत पुलिस थाने में जाकर सूचना दी। मलाड पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया आइसक्रीम से निकली चीज को मानव अंग ही माना जा रहा है, बाकी पुष्टि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद होगी।पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 272, 273 और 336 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि इसकी गंभीरता को देखते हुए जहां आइसक्रीम बनाई और पैक की गई है, वहां छापा मारा जाएगा।पुलिस आइसक्रीम में मानव उंगली को बड़ी साजिश मान रही है।

# नीट की फॉरेंसिक जांच हो : कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा

नई दिल्ली ,एजेंसी । कांग्रेस ने नीट को लेकर स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच की मांग की



है। कांग्रेस ने उदाहरण देते हुए कहा कि इस वर्ष नीट में 600 अंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 80,468 है। जबकि, सरकारी मेडिकल कॉलेजों में केवल 55,000 सीटें हैं। ऐसे में ये छात्र सरकारी कॉलेजों में कैसे दाखिला पा सकते हैं।

पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री को नीट घोटाले में सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच का आदेश देना चाहिए। इस विषय पर पीएम मोदी अपना वक्तव्य दें। 24 लाख उम्मीदवार मेडिकल की 1 लाख सीटों के लिए बैठते हैं। 55,000 सीटें सरकारी मेडिकल कॉलेजों की हैं। इसका मतलब है कि एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस छात्र रियायती शुल्क पर ज्यादातर इन कॉलेज का चुनाव करते हैं। जब मार्क्स बनाम रैंक बढ़ाए गए हैं, तो गरीब परिवारों के उम्मीदवार क्या करेंगे? जिन लोगों ने 550 अंक प्राप्त किए हैं, उनकी संख्या 2024 में 1.4 लाख से अधिक है।

कांग्रेस का कहना है कि अगर मोदी सरकार का दावा है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी है, तो पिछले और इस साल 580 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का पूरा परिणाम सार्वजनिक किया जाना चाहिए। 580 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के केंद्रों को भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि पता चल सके कि कितने छात्र अपने स्थान से दूर नीट देने आए थे।

कांग्रेस ने कहा है कि कई छात्र ऐसे थे, जिन्हें 12वीं पास करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन, नीट में वह बेहतरीन अंक लाए हैं। इसी के चलते 12 वीं बोर्ड के अंकों को नीट के अंकों के साथ सह-संबंधित किया जाना चाहिए। अगर डेटा बताता है कि हजारों छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में कम और नीट में बहुत अधिक अंक प्राप्त किए हैं, तो पेपर लीक के आरोप सही हैं। जिन केंद्रों पर बड़े हाई स्कोरर हैं, उनके वीडियो जारी किए जाने चाहिए। इससे घोटाले की पहचान हो सकेगी। पता लगेगा कि परीक्षा के बाद या एनटीए ऑफिस में ओएमआर भरा गया था या कोई प्रतिरूपण हुआ था। सवाई माधोपुर (राजस्थान) केंद्र पर दिया गया पेपर वही था या अलग, क्योंकि छात्र पेपर लेकर चले गए। फिर, शाम 6.30 बजे दोबारा परीक्षा हुई और अगर पेपर वही था और माध्यम बदला गया था, तो पेपर निश्चित रूप से लीक हुआ है।

कांग्रेस ने सरकार से 6 सवाल पूछे हैं। कांग्रेस ने कहा कि क्या यह सच नहीं है कि नीट यूजी 2024 पेपर लीक की जांच कर रही पटना पुलिस ने पाया है कि परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों ने रैकेट में शामिल 'दलालों' को 30 से 50 लाख रुपए तक की बड़ी रकम का भुगतान किया। 60 करोड़ रुपए के लेन-देन की खबरें भी आई हैं। क्या शिक्षा मंत्री इस तथ्य से इनकार कर सकते हैं कि नीट पेपर लीक में बिहार में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है? क्या शिक्षा मंत्री इस बात से इनकार कर सकते हैं कि गुजरात के गोधरा में नीट यूजी में धोखाधड़ी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है? इसमें कोचिंग सेंटर चलाने वाले एक व्यक्ति, एक शिक्षक और एक अन्य व्यक्ति समेत तीन लोग शामिल हैं। मामले की जांच में छात्रों, उनके अभिभावकों और आरोपियों के बीच 12 करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन सामने आया है।

# सीएम केजरीवाल की नियमित जमानत की याचिका पर सुनवाई 19 जून को

नई दिल्ली ,एजेंसी । दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत की याचिका पर सुनवाई 19 जून तक के लिए टाल दी।

राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष जज कावेरी बावेजा ने हाल ही में चिकित्सा कारणों से सात दिन की अंतरिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

मुख्यमंत्री के वकील ने शुक्रवार को अदालत के समक्ष एक आवेदन देकर अरविंद केजरीवाल की चिकित्सा जांच के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को भी मौजूद रहने की अनुमति देने का अनुरोध किया।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि जब मेडिकल बोर्ड इस संबंध में बैठक करती है तो उन्हें भी अपने इनपुट रखने की अनुमति दी जाए।

इस आवेदन पर अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों से जवाब मांगा है। इस पर शनिवार को सुनवाई होगी। इस बीच सीएम केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई 19 जून तक के लिए टाल दी गई है। उसी दिन उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि भी समाप्त हो रही है। पिछले दिनों उनकी अंतरिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने कहा था कि सीएम केजरीवाल के कुछ विशेष डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए निर्देश दिये गये हैं। केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई में शामिल हुए थे। उस समय सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा था कि जमानत याचिका सुनवाई के लायक नहीं है क्योंकि चुनाव प्रचार के लिए दी गई अंतरिम जमानत का सीएम केजरीवाल ने दुरुपयोग किया है। मुख्यमंत्री की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन. हरिहरन ने दावा किया था कि उनकी बिगड़ती मधुमेह की स्थिति तथा अन्य स्वास्थ्य कारणों से अंतरिम जमानत जरूरी है। ईडी ने कहा था कि केजरीवाल के मेडिकल टेस्ट तिहाड़ जेल में भी कराये जा सकते हैं। सीएम केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव प्रचार के लिए 1 जून तक दी गई अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद 2 जून को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया था।

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी; पांच की मौत, 15 से ज्यादा घायल

दतिया (मध्य प्रदेश) । मध्य प्रदेश के दतिया जिले में शुक्रवार की सुबह रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गये। गंभीर रूप से घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, दीसवार गांव के श्रद्धालु कई ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर जवारे चढ़ाने के लिए रतनगढ़ माता मंदिर जा रहे थे। इनमें से एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और पुलिया से नीचे जा गिरी। उसमें लगभग 30 लोग सवार थे। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में तीन लड़कियां और दो महिलाएं हैं। इनमें एक महिला और उसकी दो बेटियां शामिल हैं। इस हादसे में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव के लगभग दो सौ श्रद्धालु अलग-अलग ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर रतनगढ़ माता के मंदिर जा रहे थे।

# खेतों तक पहुंची जंगल की आग, बुझाने गई बुजुर्ग महिला जिंदा जली

हमीरपुर ,एजेंसी । हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में जंगल में आग लगने से 75 वर्षीय एक महिला जिंदा जल गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतका की पहचान हमीरपुर के बगैतू गांव की निवासी निक्की देवी के रूप में हुई है। जंगल की आग निक्की देवी के खेतों तक पहुंच चुकी थी, जिसे वह बुझाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन वह खुद उसकी चपेट में आ गयी और जिंदा जल गई। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है। हमीरपुर जिले में 15 दिन में जंगल की आग से मौत की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 29 मई को चकमोह क्षेत्र में जंगल में आग के दौरान एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई थी। गर्मी के मौसम में उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सूखे जंगलों में अक्सर आग लग जाती है। इससे काफी परेशानी होती है और वन संपदा का भी भारी नुकसान होता है। जंगल के पेड़ और जानवर भी जल जाते हैं। कई जानवरों की मौत भी हो जाती है। जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड के जंगलों में भी आगजनी की कई घटनाएं सामने आई हैं। उत्तराखंड में आठ वनकर्मी जंगल की आग बुझाने के लिए गए थे, लेकिन आग की चपेट में आ गए और झुलस गए। इनमें से चार कर्मियों की मौत हो गई, जबकि अन्य चार बुरी तरह झुलसे हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है।

उत्तरकाशी जिले के मोरी ब्लॉक के सालरा गांव में सोमवार को आग लगने से छह व्यक्ति घायल हो गए जबकि एक दर्जन से अधिक मकान जलकर खाक हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग एक मकान में शार्ट सर्किट की वजह से लगी जो जल्द ही आसपास के अन्य मकानों में भी फैल गयी। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि आग में दस रिहायशी मकान पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गए जबकि चार अन्य आंशिक रूप से जल गए हैं। उन्होंने कहा कि छह व्यक्ति मामूली रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि आग पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) और दमकल विभाग द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से नियंत्रण पाया गया। उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि गांव मुख्य सडक् से आठ किलोमीटर दूर है और पानी का निकटस्थ स्रोत भी वहां से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर है। उन्होंने कहा कि इसी कारण दमकल को आग बुझाने में ज्यादा समय लगा। उन्होंने बताया कि एक मेडिकल टीम, वन विभाग के कार्मिकों और पशु चिकित्सकों की एक टीम को मौके पर भेजा गया है।

## टीएमसी ने जारी की उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों के नाम की सूची जारी कर दी. टीएमसी ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए चार सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम जारी किए. बता दें कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में टीएमसी के 4 विधायक चुनाव जीतकर सांसद बन गए. जिसके चलते राज्य की इन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 10 जुलाई को विधानसभा उपचुनाव कराने का ऐलान किया है.

पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनाव के लिए टीएमसी ने रायगंज विधानसभा सीट पर कृष्णा कल्याणी को अपना उम्मीदवार बनाया है. इसके अलावा राणाघाट-दक्षिण सीट से मुकुट मणि अधिकारी को चुनावी मैदान में उतारा है. वहीं मानिकतला विधानसभा सीट पर इस बार सुप्ति पांडे को अपना उम्मीदवार बनाया है. जबकि बगदाह सीट पर टीएमसी ने मधुपर्णा ठाकुर को अपना उम्मीदवार घोषित किया है.बता दें कि इससे पहले कल यानी गुरुवार को बीजेपी ने भी तीन राज्यों (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश) में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी. बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तीन राज्यों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया. पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की देहर सीट पर होशियार सिंह चंब्याल, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से कृष्ण लाल ठाकुर को अपना उम्मीदवार बनाया है. जबकि मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर बीजेपी ने कमलेश शाह को चुनावी मैदान में उतारा है. वहीं उत्तराखंड की बद्रीनाथ सीट पर राजेंद्र सिंह भंडारी और मंगलौर से करतार सिंह भड़ाना को उम्मीदवार बनाया है. बता दें कि लोकसभा चुनाव में 13 विधायक चुनाव जीतकर सांसद बने हैं. ऐसे में इन 13 सीटों पर चुनाव आयोग ने 10 जुलाई को मतदान करने का फैसला लिया है. जबकि वोटों की गिनती 13 जुलाई को होगी. इसके अलावा चुनाव आयोग बिहार, तमिलनाडु, पंजाब और मध्य प्रदेश की एक सीट, उत्तराखंड की दो सीट, हिमाचल प्रदेश की तीन सीट और पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर उपचुनाव कराएगा.

## पूर्व सभासद अशोक शर्मा के नेतृत्व में निवृतमान सभासदों ने की बरसात से पूर्व नालों की सफाई की मांग

हरिद्वार, संवाददाता। पूर्व सभासद अशोक शर्मा के नेतृत्व में निवृतमान पार्षदों ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.तरुण मिश्रा और नगर निगम के अधिशासी अभियन्ता आनंद सिंह मिश्रवान को ज्ञापन सौंपकर बरसात से पूर्व शहर के सभी नालों की सफाई कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अशोक शर्मा ने बताया कि बरसात से पूर्व जब तक समस्त नालों की सफाई के साथ-साथ अतिक्रमण नहीं हटता तब तक शहर में जलभराव की समस्या समाप्त नहीं होगी। समस्या का दूर करने के लिए सुझाव देते हुए उन्होंने बताया कि जलभराव के कारण आम जनता और व्यापारियों को भारी आर्थिक, मानसिक, शारीरिक नुकसान झेलना पड़ता है। जहां भी नालों की पुलिया के नीचे बिजली की तार, पानी की लाइन आदि है वहां मिट्टी अधिक जमा हो जाती है। जिसे हटाकर सफाई की जाए। कनखल, ज्वालापुर, भीमगोड़ा, खड़खड़ी, मध्य हरिद्वार आदि कई जगह समस्या बनी हुई है। अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करना चाहिए। निवर्तमान पार्षद उदयवीर सिंह चौहान, जफर अब्बासी ने कहा कि निगम को नालों की पुलिया के नीचे सफाई के लिए मशीनें खरीदनी चाहिए। वार्डो में जगह जगह सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं। सड़क पर पैच वर्क की आवश्यकता है। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद मेहरबान खान, तासीन अंसारी, सुनील कुमार, वसीम सलमानी, बृजमोहन बड़थ्वाल, सतेंद्र वशिष्ठ, देवेश गौतम आदि मौजूद रहे।

## भगवानपुर के सिरचंदी गांव में ईदगाह के पास पुलिया के नीचे मिला युवक का शव

### -गले पर गोली लगने के मिले निशान

**रुड़की, (संवाददाता)।** हरिद्वार जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुलिया के नीचे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। युवक के गले पर गोली के निशान हैं। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसी के साथ मोबाइल कॉल डिटेल भी निकलवाई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने गांव के कुछ युवकों से भी पूछताछ की है। पूछताछ के दौरान पुलिस को कुछ अहम सुराग भी हाथ लगे हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

जानकारी के मुताबिक 21 वर्षीय विवेक कुमार भगवानपुर थाना क्षेत्र के डाडली गांव का निवासी था। वो बीते मंगलवार घर से निकला था। बताया गया है कि विवेक कुमार अपने कुछ दोस्तों के साथ कहीं जाने की बात कहकर घर से निकला था। जब देर शाम तक भी विवेक कुमार घर नहीं लौटा, तो उसके परिवार के लोगों को चिंता हुई। इसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। विवेक कुमार का कुछ पता नहीं चल सका। भगवानपुर थाना पुलिस को सिरचंदी गांव की ईदगाह के पास पुलिया के नीचे किसी युवक का शव पड़ा होने की जानकारी दी। इस सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त कराई गई। मृतक की पहचान विवेक कुमार के रूप में की गई। बताया गया है कि विवेक कुमार के परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त की गई है। विवेक के गले पर गोली लगने का निशान भी मिला है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की गोली मारकर हत्या की गई होगी। इसके बाद शव को पुलिया के नीचे फेंक दिया गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रुड़की के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है।

पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। साथ ही विवेक के मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकलवाई जा रही है। विवेक के साथ रहने वालों से भी पुलिस जानकारी जुटाने में लगी हुई है। बताते चलें, मृतक चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। उसकी एक बड़ी बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। विवेक कुमार पढ़ाई छोड़ चुका था और वह मजदूरी का काम कर परिवार को चला रहा था। परिवार को उसकी मौत की जानकारी मिलने के बाद उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## सफाई व्यवस्था की मांग दस ट्रैक्टर ट्रालीयां बकरा ईद पर्व के मौके पर व्यवस्था को लागू कराया जाए

हरिद्वार,संवाददाता। कांग्रेस के निवृतमान पार्षदों एवं कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर ईद ऊल अज्हा (बकरा ईद) के पर्व के मौके पर उपनगरी ज्वालापुर में सफाई व्यवस्था को लागू कराने की मांग की। निवृतमान पार्षद इसरार सलमानी एवं कांग्रेस नेता हाजी शहाबुद्दीन अंसारी ने कहा कि कई वर्षो से उपनगरी ज्वालापुर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में कुर्बानी की परंपरा चली आ रही है। नगर निगम द्वारा पर्व के मद्देनजर दस ट्रैक्टर ट्रालीयां विभिन्न क्षेत्रों में जानवरों के अवशेष एवं जमा कूड़ा उठाने के लिए सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में कुर्बानी को देखते हुए ट्रैक्टर ट्रालीयों की व्यवस्था को लागू कराया जाए। किसी की भी भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। निवृतमान पार्षद सोहेल अख्तर, रियाज अंसारी एवं कांग्रेस नेता शौकत अली ने कहा कि त्यौहार के मद्देनजर सफाई का विशेष इंतजाम किया जाए। सड़कों के कूड़े के अलावा बह रही नालियों की सफाई का अभियान भी सुनिश्चित किया जाए। पर्व के मौके पर ट्रैक्टर ट्रालीयों की व्यवस्था को लागू कराया जाए। जिससे कुर्बानी के जानवरों के अवशेष क्षेत्र के लोग इधर उधर ना फेंके। सफाई व्यवस्था बनी रहे। किसी को भी परेशानी ना हो।

## आग बुझाने में जुटा सेना का एम आई 17, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**देहरादून (संवाददाता)।** वर्तमान साल उत्तराखंड के जंगलों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं रहा है। इस फायर सीजन में रिकॉर्ड वनाग्नि की घटनाएं सामने आई है वही जंगल की लाल लपटे अब तक 10 लोगों की जिंदगी लील चुकी है जबकि चार लोग जो गंभीर रूप से झुलसे हुए हैं उन्हें अब एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर अल्मोड़ा जिले के बिनसर अभ्यारण क्षेत्र में लगी आग की समीक्षा की तथा इस घटना में कल घायल हुए चार वनकर्मियों में से गंभीर दो लोगों का तुरंत एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं। बीते रोज आग बुझाने के प्रयास में आठ वनकर्मी बुरी तरह झुलस गए थे जिनमें से चार लोगों की कल ही मौत हो गई है जबकि अन्य चार जो गंभीर रूप से घायल थे हल्द्वानी इलाज के लिए भेजा गया था। इन घायलों में एक घायल तो 90 फीसदी तक झुलसा हुआ है जबकि अन्य तीन 60 से 65 फीसदी तक जले हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अब इन्हें दिल्ली एम्स ले जाने की तैयारी की जा रही है।

इस अत्यंत ही दुखद घटना में दीवान राम, करन आर्य, पूरन माहरा तथा त्रिलोक मेहता की मौत हो चुकी है जिनके परिजनों को सरकार द्वारा 10-10 लाख मुआवजा दिया जा रहा है। वहीं कृष्ण कुमार, भगवत सिंह, कुंदन सिंह नेगी व कैलाश भट्ट गंभीर रूप से झुलस गए थे जिन्हें हल्द्वानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अकेले अल्मोड़ा की बात की जाए तो इस फायर सीजन में अब तक यहां नौ लोगों की मौत हो चुकी है जानकारी यह भी मिली है कि इन कर्मचारियों का बीमा तक नहीं कराया गया था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सर्वाधिक प्रभावित इस क्षेत्र में आग को बुझाने के लिए सेना की मदद लेने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। आज सुबह से ही सेना का एमआई-17 नैनीताल के भीमताल झील से पानी ले जाकर आग बुझाने के काम में जुटा हुआ है तथा भीमताल में फिलहाल वोटिंग को रोक दिया गया है। यही नहीं बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी व फायर सर्विस की गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगी हुई है लेकिन यह आग इतने बड़े क्षेत्र में फैली हुई है कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है।

## आपदा की स्थिति में त्वरित रिस्पांस किया जाए : डीएम सोनिका



**देहरादून (सू.का)।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता मे आगामी मानसून के दृष्टिगत विभागीय तैयारी एवं डेंगू/चिकनगुनिया रोग से बचाव एवं जनजागरूकता कार्यक्रम के दृष्टिगत आज ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा- निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मानसून के दृष्टिगत विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मानसून एवं संभावित आपदा को मध्यनजर रखते हुए सभी विभाग अपनी तैयारी पूर्ण रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसील प्रशासन अपने-अपने क्षेत्र में आपदा के दृष्टिगत संवेदनशील स्थल का चिन्हीकरण करें। उपकरणों की जांच करते हुए आपदाओं से निपटने हेतु मॉक ड्रिल करें। तहसीलों में मानसून के दृष्टिगत कंट्रोल रूम स्थापित किये जाए, जिसमें 24 घंटे सम्बन्धित विभागों के कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए की जिला आपदा परिचालन केंद्र में स्थापित कंट्रोलरूम में 15 जून से सभी विभागों के कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाए।

जिलाधिकारी ने नगर निगम देहरादून एवं नगर निगम ऋषिकेश के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत नाली एवं नालों की सफाई की प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। साथ ही नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम द्वारा कराए गए कार्यों की आख्या प्रस्तुत करगं, जिसके उपरांत ही संबंधित का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन-जिन उप जिलाधिकारियों के पास प्रशासक का कार्यभार है वह अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत स्वयं नाली-नालों की सफाई की मॉनिटिरिंग करते हुए मानसून पूर्व सफाई करवा ले। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित आपदा के दृष्टिगत मार्ग बंद होने की दशा में वैकल्पिक मार्गो का चिन्हीकरण करते हुए व्यवस्थाएं बनाएंगे। उन्होंने एनएच एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अपने-अपने मार्गो के रखरखाव की स्थिति तथा मानसून में मार्ग बंद होने की दशा में तुरंत मार्ग खोले जाने के निर्देश दिए, इसके लिए जेसीबी, पोकलेंड आदि मशीन पूर्व से ही तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग बंद होने अथवा आपदा की स्थिति में त्वरित रिस्पांस किया जाए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग न एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लैंडस्लाइड जॉन एवं बाढ़ आदि क्षेत्रों तथा जंहा सड़को पर रपटे हैं ऐसे स्थानों पर चेतावनी वाले साइन बोर्ड लगाए जाए। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड लगाए तथा नदियों के चेनलाइजेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ग्रस्त एवं आपदा संभावित क्षेत्रों में आपदा की स्थिति के दौरान राहत बचाव कार्यो एवं जनमानस को सुरक्षित स्थानों पर स्थानान्तरित किए जाने हेतु स्कूल एवं पंचायत भवन आदि स्थलों का चिन्हिकरण कर लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील विद्यालय भवनों का भी चिन्हिकरण कर लिया जाए ताकि मानसून सीजन में किसी प्रकार की संभावित आपदा से बचा जा सके।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि डेंगू एवं चिकनगुनिया की दृष्टिगत घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जाए। तथा पूर्व की भांति क्षेत्रवार नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने 1 जुलाई से डीआईसीसी में ड्यूटी लगाने तथा कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया की पशुपालन विभाग घायल पशुओं के उपचार एवं बीमारियों से निपटने हेतु पूर्व तैयारी कर ले। उन्होंने यूएसडीए, पीडब्ल्यूडी एवं समस्त कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां निर्माण पूर्ण हो गया है वहां सड़क का समतलीकरण करते हुए निर्माण स्थल से उपकरण हटा दिए जाएं ताकि यातायात में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जय भारत सिंह, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम वीर सिंह बुढ़ियाल, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश शैलेंद्र सिंह नेगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, अधि0अभि0 लोनिवि जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी ऋषभ कुमार, पीडब्ल्यूडी, एनएच, यूएसडीए, पेयजल निगम, जल सस्थान, सिंचाई, आदि संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# स्टर्लिंग नैनीताल ने एरीज ऑब्जर्वेटरी में स्टारगेजिंग एडवेंचर का आयोजन किया



नैनीताल ,( संवाददाता )। स्टर्लिंग रिसॉर्ट, नैनीताल ने आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) की यात्रा हेतु मेहमानों को एक अनूठा अवसर प्रदान किया है। एरीज प्रेक्षणीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी तथा वायुमंडलीय विज्ञान में विशेषज्ञता रखने वाला एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है। रिसॉर्ट से केवल 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, एरीज समुद्र तल से 2,511 मीटर की ऊंचाई पर और 79ए पूर्वी देशांतर पर एक प्रमुख स्थान पर स्थित है; यह स्थान इसे कैनरी द्वीप (20ए पश्चिम) और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया (157ए पूर्व) के बीच लगभग बराबर दूरी पर रखता है। यह रणनीतिक स्थिति संस्थान को उन अवलोकनों को पूरा करने की अनुमति देती है जो इन स्थानों में से किसी एक से चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। स्टर्लिंग नैनीताल द्वारा एरीज में आयोजित स्टारगेजिंग अनुभव ब्रह्मांड के अद्भुत रहस्यों में एक आंखें खोलने वाली यात्रा का वादा करता है। प्रतिभागियों को संस्थान के अनुसंधान क्षेत्रों का अन्वेषण करने का मौका मिल रहा है, जो सौर, ग्रह, तारकीय, आकाशगंगा और अतिरिक्त-आकाशगंगा सम्बन्धी घटनाओं जैसे तारकीय परिवर्तनशीलता, एक्स-रे बायनरी, तारामंडल, निकटवर्ती आकाशगंगाएं, क्वासर और सुपरनोवा और उच्च ऊर्जा गामा रे बर्स्ट जैसी घटनाओं तक फैले हुए हैं। न्यूनतम प्रतिभागियों की संख्या पांच है, और यह गतिविधि कार द्वारा उपलब्ध है। प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि वे कार्यक्रम के एक दिन पहले अपनी जगह बुक कर लें, जो 19ः15 से 20ः30 बजे तक चलता है। स्टर्लिंग नैनीताल का एरीज में स्टारगेजिंग एडवेंचर उन सभी के लिए एक अनिवार्य प्रयास है जिन्हें खगोल विज्ञान में रुचि है या प्रेक्षणीय विज्ञान की आकर्षक दुनिया के बारे में अधिक जानने की इच्छा है। पेशेवर मार्गदर्शन और एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान की यात्रा का अनूठा अवसर प्रदान करने वाली यह गतिविधि रिसॉर्ट का मुख्य आकर्षण है।

# मडुवा झिंगोड़ा उगायेंगे, उत्तराखण्ड को समृद्ध बनायेंगे : कृषि मंत्री

टिहरी/ जौनपुर ( संवाददाता )। सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी शुक्रवार को टिहरी गढ़वाल के जौनपुर ब्लॉक के भटवाड़ी गांव पहुंचे। जहां कृषि मंत्री गणेश जोशी द्वारा भटवाड़ी गांव के लिए की गई सामुदायिक भवन की घोषणा को पूर्ण करते हुए मंत्री गणेश जोशी ने कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड द्वारा 83.79 लाख की लागत से नव निर्मित कृषक सामुदायिक केंद्र (बारात घर) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय



बहुउद्देशीय शिविर का भी अवलोकन किया। भटवाड़ी गांव में आगमन पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रूप से ढोल दमाऊ और पुष्प वर्षा एवं फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोकार्पण कार्यक्रम से पूर्व गौरजा देवी के मंदिर में दर्शन कर मां गौरजा का आशिर्वाद लिया और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नैनबाग क्षेत्र को फल फट्टी घोषित करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा धामी सरकार जिन योजनाओं का शिलान्यास करती है उनका लोकार्पण भी करती है। मंत्री ने कहा जनता की सरकार जनता के द्वार नारे के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु संकल्पबद्ध है। निश्चित तौर पर इस बहुउद्देशीय भवन के निर्माण से क्षेत्र वासियों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राजपुर विधायक खजान दास, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष राजेश नौटियाल, मंडल अध्यक्ष करण कंडारी, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र पंवार, ग्राम प्रधान राजवीर रावत, अनूप थपलियाल, प्रताप सिंह पंवार, बलवीर राणा एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# योग दिवस और हरेला की तैयारियों में जुटे भाजपाई



देहरादून ( संवाददाता )। आज दिनांक 14 जून, 2024 को श्री देवसुमन'नगर मण्डल मसूरी विधानसभा एवं धर्मपुर विधानसभा के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' 21 जून के उपलक्ष्य में परेड़ ग्राउन्ड, देहरादून में आयोजित होने वाले 'सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम' को लेकर दोनों मंडलों में महानगर भाजपा के सम्मानित अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई ।

बैठक की अध्यक्षता श्री देव सुमन नगर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप रावत एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के उपाध्यक्ष राजेंद्र बोहरा ने की। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि योग भगाए रोग, यह कहावत सदियों पुरानी है। हमारे ऋषि-मुनि नियमित योग करते थे और स्वस्थ रहते हुए लंबा जीवन जीते थे। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। भारत के योग के महत्व को देश ने ही नहीं बल्कि सारी दुनिया ने भी माना है।

आज ग्लोबल वार्मिंग के प्रकोप से बचने हेतु एवं स्वस्थ समाज बनाने हेतु हमें स्वयं से जागरूक होकर पर्यावरण की चिंता करनी होगी. बैठक में आगामी 30 जून को होने वाली 'मन की बात 16 जुलाई कोहरेला पर्व' से संबंधित भी चर्चा की गई. बैठक में भारतीय जनता पार्टी मसूरी विधानसभा के वरिष्ठ नेता श्री आर एस परिहार मण्डल प्रभारी उमा नरेश तिवारी डॉ श्यामा प्रसाद मंडल के प्रभारी विमल उनियाल पूनम नौटियाल जी निरंजन डोभाल अरविंद डोभाल मंडल महामंत्री श्री आशीष थापा जी, अंकित जोशी निवर्तमान पार्षदगणों में भूपेंद्र कठैत मंजीत रावत योगेश घाघट सत्येंद्र नाथ युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय गुप्ता भावना चौधरी मोहन बहुगुणा प्रमोद थापा जीवन लामा , श्रीमती सुनीता सिरोही डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के महामंत्री कमल राठोर मोहन जोशी विधानसभा की वरिष्ठ नेता अनुराधा वालिया सुनिल कुमार मंजू कौशिक पुनम पांडे रोशन सिंह आदि अन्य पदाधिकारी/ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# भाजपा रिकॉर्ड मतों से विधानसभा को फतह कर बदरीनाथ विधानसभा में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी:मैखुरी




चमोली ( संवाददाता )। आज भारतीय जनता पार्टी विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित होने पर भाजपा जिला कार्यालय गोपेश्वर ( ग्वीलों ) में एक प्रेस वार्ता संपन हुई। प्रेस को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि बद्रीनाथ विधानसभा का प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ता पूरी मेहनत से उप चुनाव की तैयारी में जुट गया है। हमने रिकॉर्ड मतों से विधानसभा को फतह कर बदरीनाथ विधानसभा में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे। संगठन एक जुट होकर चुनाव में जुटा हुआ है।


प्रेस को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी ने कहा कि कॉन्ग्रेस में प्रत्याशी को लेकर अभी तक भी असमंजस की स्थिति बनी है ऐसे में उपचुनाव में सिर्फ जीत का सपना ही देख रही है कांग्रेस। उन्होने कहा कि यह उपचुनाव बदरीनाथ नाथ विधानसभा के लिए ऐतिहासिक होगा भाजपा रिकॉर्ड सर्वाधिक मतों से विजय हासिल करेगी। मेरा प्रयास बदरीनाथ विधानसभा प्रत्येक गांवों की समस्याओं को सदन के पटल पर रखकर समाधान किया जायेगा। आज पूरे देश में हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं ऐसे में हमारी और हमारे विधानसभा के प्रत्येक नागरिक की भी भूमिका माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प में होगी। हम शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, विद्युत ,रोजगार जैसे महत्पूर्ण मुद्दों पर ठोस कार्य करेंगे जिससे हमारी विधानसभा सिर्फ राज्य ही नही अपितु पूरे देश में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगें।

बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी जी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने इस चुनाव में एकजुटता के साथ कार्य करने का प्रण लिया। राजेंद्र भण्डारी ने उप चुनाव में को भाजपा प्रत्याशी घोषित होने पर शीर्ष नेतृत्व का और सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होने कहा कि मैं आप सभी को विस्वास दिलाता हु कि पार्टी संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है मैं शत प्रतिशत पार्टी के संगठन और एक एक कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। प्रेस वार्ता में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रघुबीर बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एडवोकेट धूम सिंह नेगी,वरिष्ठ भाजपा नेता और जिलापंचायत सदस्य योगेंद्र सेमवाल, जिला भाजपा महामंत्री कुलदीप वर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र हटवाल,तारेंद्र थपलियाल, गजपाल बर्तवाल, बदरीनाथ केदारनाथ मन्दिर समित सद्स्य विरेन्द्र असवाल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मोहन नेगी, भाजपा मंडल महामंत्री दीपक पंत, रोहिताश पुरोहित,जिला आईटी सेल सहप्रभारी शशांक राणा,जिला पंचायत सदस्य नंदिता रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता कर्नल हरेन्द्र सिंह रावत, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी बिष्ट, जिला कार्यलय प्रभारी बिनोद कनवासी, भाजपा नेता मनोज कुमार, प्रभाकर भट्ट, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपेश्वर महेंद्र राणा, संजय बर्तवाल, दशोली किसान मंडल अध्यक्ष गजेंद्र असवाल, मोहन सती, प्रदीप बर्तवाल, मनदीप फर्सवां, अरविंद कुंवर, प्रिंस कुंवर, राजेंद्र रावत आदि उपस्थित रहे।

# शहीद को दी श्रद्धांजलि

देहरादून, ब्यूरो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को डोईवाला स्थित शहीद मेजर प्रणय नेगी के आवास पर उनके परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिजनों को सांत्वना प्रदान की। मुख्यमंत्री ने शहीद मेजर प्रणय नेगी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने शहीद सैनिकों की वीरता पर गर्व है। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने भी शहीद मेजर प्रणय नेगी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके परिजनों को सांत्वना प्रदान की।

# रोग, लोभ, वैचारिक गुलामी से मुक्त हो हमारा देश : स्वामी रामदेव



**हरिद्वार ( संवाददाता )।** योग गुरु बाबा रामदेव ने शुक्रवार को योग के प्रति लोगों को जागरूक कर कहा कि हमारा देश, रोग, लोभ, वैचारिक गुलामी से मुक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संतों के एक-एक विचार को खूब वायरल करना चाहिए जिससे देश की सनातन संस्कृति, गुरु शिष्य परम्परा का भावी पीढ़ी लाभ उठाकर संस्कारवान बनकर देश समाज का कल्याण कर सकें। उन्होंने उत्तरी हरिद्वार में हरिसेवा आश्रम के वार्षिकोत्सव समारोह में कहा कि हमें अपने जीवन में अच्छा आचरण अपनाना चाहिए। हमारा देश ऋषि मुनि परंपरा का देश है जिसे हमारे अग्रज आचार्यगण संरक्षित और संवर्धित कर रहे हैं। उन्होंने भक्तों से अपने घरों में तुलसी, नीम, रुद्राक्ष, पीपल, एलोवेरा का पौधा लगाने का आह्वान किया।

# सूचना के अधिकार के मजबूत होने से भ्रष्टाचार पर लगता है : मुख्य सचिव



**देहरादून ( संवाददाता )।** सचिवालय के लोक सूचना अधिकारियों को आरटीआई की बेहतर जानकारी हेतु प्रोत्साहित करते हुए सीएस राधा रतूड़ी ने कहा कि सूचना के अधिकार के मजबूत होने से व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ने के साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है। आरटीआई से सरकारी कार्मिकों में ईमानदारी से कार्य करने की प्रवृति बढ़ती है। सूचना का अधिकार अधिनियम आने से नागरिकों को सरकार के कार्यो की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार मिला है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा सचिवालय के सभी विभागों के लोक सूचना अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा सचिवालय के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारियों हेतु आरटीआई पर यह कार्यशाला आयोजित करना सराहनीय पहल है। आरटीआई की बेहतर जानकारी होने से लोक सूचना अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन अधिक कुशलता से कर पाएंगे। इससे अधिक से अधिक अपीलों का निस्तारण प्राथमिक स्तर पर ही हो जाएगा। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि जिला स्तर तथा विभागीय स्तर पर भी आरटीआई पर कार्यशालाओं को आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने आयोग के कार्यों को अधिकाधिक ऑनलाइन करने की बात कही जिससे अधिकाधिक पारदर्शिता बढ़ेगी तथा दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी।

# डकैतों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़, एक बदमाश को लगी गोली

**देहरादून।** पुलिस और बदमाशों के बीच एक बार फिर एनकाउंटर हुआ है। एनकाउंटर के बाद पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एनकाउंटर में एक बदमाश के पैर में गोली भी लगी है। पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर रही है। प्राप्त जानी के अनुसा, विकासनगर के तिमली धर्मावला के जंगल में बदमाशों व पुलिस के बीच शुक्रवार सुबह को एनकाउंटर हुआ है। दर्रा चैक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान यूटिलिटी गाड़ी में सवार बदमाशों ने बैरियर तोड़ दिया था। बैरियर तोड़ने के बाद बदमाश भागने लगे थे। जंगल की तरफभाग रहे बदमाशों का पुलिस द्वारा पीछा करने पर यूटिलिटी पेड़ से टकरा गई थी। पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अन्य बदमाश पुलिस पर फायर झोंक कर फरार हो गए थे। पुलिस के साथ एनकाउंटर में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल बदमाश को तत्काल इलाज के लिए नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने विकासनगर पहुंचकर घायल बदमाश के बारे में जानकारी ली।

विदित हो कि पुलिस चेकिंग व मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाशों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गत 56 जून की रात्रि में खुशालपुर, सहसपुर में फुरकान नाम के व्यक्ति के घर पर तमंचे के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना में बदमाश वादी व उसके परिजनों को बंधक बनाकर घर से नगदी व ज्वैलरी लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से घटना में शामिल बदमाशों के यूटिलिटी वाहन से दोबारा किसी घटना को अंजाम देने के लिए वापस देहरादून आने की सूचना मिली थी, जिसपर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया था। पुलिस ने एनकाउंटर के बाद यूटिलिटी चालक बदमाश रमजानी पुत्र इशराक निवासी गंदेवाड़ा सहारनपुर उत्तर प्रदेश, बबलू बादशाह पुत्र नईम निवासी किदवई नगर, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया।

एनकाउंटर के बाद पुलिस ने बबलू के कब्जे से मौके पर एक 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस टीम द्वारा डकैती में शामिल एक अन्य अभियुक्त असलम फरीद पुत्र लतीफ निवासी कैलाशपुर सहारनपुर को भी गिरफ्तार किया गया है।

# इएमए चिकित्सकों ने दी नवनियुक्त केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को बधाई

हरिद्वार, संवाददाता। इएमए इंडिया से जुड़े चिकित्सकों की बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफअल्टरनेटिव मेडिकल साइंस एंड कैंसर रिसर्च सेंटर अलीपुर बहादराबाद मे आयोजित बैठक मे नवनियुक्त केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल एवं केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव को बधाई दी गयी एवं शुभकामना व अभिनन्दन पत्र प्रेषित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए इएमए इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.केपीएस चौहान ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आईडीसी की रिपोर्ट शीघ्र सार्वजनिक करने का प्रयास वरीयता से किया जायेगा। देश के पांच लाख चिकित्सक रिपोर्ट आने की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहें हैं। बैठक में नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भी खुशी जाहिर की गई तथा मिठाई वितरित की गई और बधाई संदेश पत्र प्रेषित किया गया।

# ऋषिकेश पहुंचने पर सांसद अनिल बलूनी का भाजपाइयों ने किया स्वागत




**ऋषिकेश ( संवाददाता )।** गढ़वाल लोकसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद नवनिर्वाचित सांसद अनिल बलूनी पहली बार शुक्रवार को ढालवाला, मुनिकीरेती पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सांसद अनिल बलूनी ने गढ़वाल समेत उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत होने पर कार्यकर्ताओं का आभार जताया। ऋषिकेश पहुंचने पर सांसद बलूनी का इंद्रमणि बडोनी चौक पर भाजपाइयों ने स्वागत किया। इसके बाद वह ढालवाला स्थित चंद्रा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह उनकी जीत नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण और प्रदेश सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों की जीत है। सबको साथ लेकर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों का सबसे पहले रोड मैप तैयार किया जाएगा। मानसून सिर पर है। इसको लेकर अभी से सोचने की जरूरत है। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। स्वागत करने वालों में निवर्तमान मेयर अनिता ममगाईं, राजेंद्र थलवाल, भगवती काला, प्रेमदत्त सेमवाल, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, पंकज शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, विपिन पंत, विजय बडोनी, राजकुमारी जुगरान,अनीता रैना, रोमा सहगल, ममता नेगी, प्रमिला त्रिवेदी, मदन कोठारी, कमलेश जैन, रमेश अरोड़ा, विवेक गोस्वामी, अजय कांलडा ,संजय वर्मा, राजेश कोटियाल, शैलेंद्र रस्तोगी, चरणजीत काचू , रेखा सजवान, सरिता बिष्ट, गौरव सहगल, सुरेश बिष्ट, जॉनी लांबा, सूर्यांस मिश्रा, सौरव शर्मा आदि मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने गढ़वाल लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद अनिल बलूनी के पहली बार ऋषिकेश आगमन पर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता खुशनसीब है, जिन्होंने अनिल बलूनी को अपना सांसद चुना है। अनिल बलूनी विकास का दूसरा नाम हैं, वह हमेशा सभी के हितों की बात करते हैं। राज्यसभा से सांसद रहते हुए अनिल बलूनी ने पौड़ी की जनता को कई सौगातें दी हैं।

# दादा ने मानसिक रूप से दिव्यांग पोती से किया रेप

**रुड़की ब्यूरो।** हरिद्वार जिले में रिश्तों को शर्मसार करने वाला सामने आया है। यहां पिरान कलियर थाना क्षेत्र में दादा ने मानसिक रूप से दिव्यांग पोती के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दादा को गिरफ्तार भी कर लिया है। जानकारी के मुताबिक बीती 13 जून को पीड़िता के भाई ने पिरान कलियर थाने में तहरीर दी थी। तहरीर में उस व्यक्ति ने बताया कि मानसिक रूप से दिव्यांग उसकी बहन के साथ दादा ने गलत काम किया है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि बुधवार 12 जून देर रात को आरोपी जो रिश्ते में उसका दादा लगता है, उसकी बहन को अपने घर ले गया था, जहां उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। दादा की ये घिनौनी हरकत गांव के कुछ लोग ने देख ली और शोर मचा दिया। लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी दादा के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की एक टीम लगातार आरोपी की तलाश में लगी हुई थी, जिसे आज कामयाबी मिली। आरोपी को आज शुक्रवार 14 मई को पुलिस ने माच्छरहेड़ी पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड़) से प्रकाशित किया।
**सम्पादकः अवनीश कुमार, मो0 9410553400**
ई-मेलः liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।